Reserve Bank of India
Estate Department
Lucknow

भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ अपने लखनऊ मे स्थित मुख्य कार्यालय भवन में पहली मंजिल पर 2 शौचालय ब्लॉकों के नवीकरण के सिविल कार्य के लिए ई-निविदा

निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ अपने लखनऊ मे स्थित मुख्य कार्यालय भवन में पहली मंजिल पर 2 शौचालय ब्लॉकों के नवीकरण के सिविल कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है। निविदा की प्रक्रिया एमएसटीसी लि. के ई-निविदा पोर्टल (www.mstcecommerce.com/eprocn) के माध्मय से पूरी की जाएगी। सभी इच्छुक सूचीबद्ध (empanelled) कंपनियों/ एजेंसियों/ फर्मों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट के माध्यम से एमएसटीसी लि. के पास पंजीकरण करना होगा। ई-निविदा के लिए समय-सारणी निम्नानुसार है:

ई-निविदा सं.	RBI/Lucknow Regional Office/Estate/6/24-25/ET/329
निविदा का माध्यम	ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (www.mstcecommerce.com/eprocn) के माध्यम से ऑनलाइन भाग I - टेक्नो-कमर्शियल बोली और भाग-II मूल्य बोली
अनुमनित लागत	₹29,60,000.00
पक्षकारों के लिए एनआईटी डाउनलोड करने की तिथि	दि. 23.08.2024 को अपराह्न 03:00 बजे से
बयाना जमा राशि डीडी / एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी और लेनदेन विवरण (यूटीआर नंबर, एनईएफटी के केस में) edlucknow@rbi.org.in को भेजें और www.mstcecommerce.com/eprocn पर अपलोड करें।	₹59,200.00/-
भारतीय रिज़र्व बैंक लखनऊ में ऑनलाइन टेक्नो-कमर्शियल बोली और मूल्य बोली प्रस्तुत करने के लिए ई-निविदा प्रारंभ होने की तिथि www.mstcecommerce.com/eprocn	दि. 23.08.2024 को अपराह्न 03:00 बजे से
ईएमडी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	दि. 23.09.2024 को अपराह्न 02.00 बजे तक
टेक्नो-कमर्शियल बोली और मूल्य बोली प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन ई-निविदा के बंद होने की तिथि	दि. 23.09.2024 को अपराह्न 02.00 बजे तक

भाग-। (अर्थात् टेक्नो-कमर्शियल बोली) के खुलने की तिथि और समय	दि. 23.09.2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक
भाग-।। (मूल्य बोली) के खुलने की तिथि	मूल्य बोली खोलने की तिथि और समय, भाग-। के समान ही होगा। अन्यथा, सभी पात्र बोलीदाताओं को बाद में इस बारे में सूचित किया जाएगा।
लेन-देन शुल्क (ई-टेंडर में भाग लेने के लिए वेंडरों को एमएसटीसी ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से एमएसटीसी को अलग से प्रस्तुत करना है)	लेनदेन शुल्क राशि का भुगतान एमएसटीसी लिमिटेड को एमएसटीसी पेमेन्ट गेटवे/एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से किया जाना है।

इच्छुक निविदाकारों को भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ को ₹59,200.00 की बयाना राशि का भुगतान एनईएफटी के माध्यम से अथवा लखनऊ पर देय भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के जरिए करना होगा।

आवेदन करने के इच्छुक आवेदकों को प्रॉसेसिंग के दौरान अपेक्षित योग्यता के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके बैंक को संतुष्ट करना होगा। यदि वे ऐसा करने में विफल होते हैं तो बैंक के पास उनकी बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। ईएमडी के बिना निविदाएं किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी।

बैंक सबसे कम बोली की निविदा स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी निविदा को पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार उसके पास सुरक्षित है। बैंक के पास बिना कोई कारण बताए सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

यदि निविदा के संबंध में भविष्य में कोई संशोधन/ शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसे उपरोक्तानुसार सिर्फ भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट और एमएसटीसी की वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा तथा उसे समाचार-पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

नोट:- यह नोटिस केवल सूचना के लिए प्रकाशित किया जा रहा है और यह इस सीमित निविदा में बोली लगाने के लिए खुला आमंत्रण नहीं है। इस निविदा में भागीदारी केवल आमंत्रण द्वारा है और चयनित खरीद इकाई के सूचीबद्ध ठेकेदारों तक सीमित है। अनचाहे प्रस्तावों को अनदेखा किया जा सकता है। हालांकि, जो ठेकेदार भविष्य में ऐसी निविदाओं में भाग लेना चाहते हैं, वे प्रक्रिया के अनुसार RBI के पास नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक
लखनऊ